

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता सैनिकों को मूलभूत सुविधायें प्रदान करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व संयोजक मोहन काला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से स्वच्छता सैनिकों के लिए मूलभूत सुविधायें प्रदान करने की मांग की है। यहां जारी एक बयान में काला ने कहा कि मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस जैसी जानलेवा, खतरनाक बीमारी के चलते भी हमारे स्वच्छता सैनिक अपनी जान पर खेलकर भी देश सेवा में अपना असीम योगदान दे रहे हैं परन्तु अभी तक सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जरूरी उपकरण भी मुहेया नहीं हो पा रहे हैं। यह संदेश निगम सरकार, उत्तराखण्ड सरकार एवं केंद्र सरकार के पास इस प्रार्थना के साथ अपने सभी स्वच्छता सैनिकों की तरफ भेजा जा रहा है।

### लॉकडाउन का सभी गुरुद्वारे करेंगे सख्ती से पालनः छाबड़ा

**संवाददाता** देहरादून। देश में कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में पूरे देश में संपूर्ण लॉकडाउन की 14 अप्रैल तक घोषणा की है जिसके चलते गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा एवं एवं सभी गुरुद्वारे इसका सख्ती से पालन करेंगे। इस अवसर पर समाज एवं राष्ट्रीहित को देखते हुए संपूर्ण देशवासियों को 21 दिन के लिए घरों से नहीं निकलें, घर पर रहें, और सिर्फ घर पर रहें। अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजन ने कहा कि संगत घरों से बाहर निकलने में पूरी तरह पाबंदी रखें। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमिंदर सिंह छाबड़ा ने कहा कि अगर संगत नहीं मानी तो कर्फ्यू लगने के पूरे आसार होंगे। गुरुद्वारा में पूर्ण हिदायतें बरती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जान है तो जहान है।

### गरीबों की मदद कर प्रचंड बहुमत का कर्ज उतार सकती है मोदी सरकारः नेगी

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी बयान जारी कर कहा कि कोरोना जैसी महामारी के इस गंभीर संकट में मोदी सरकार गरीब मजदूरों व जरूरतमंद लोगों के जनधन खातों में धन डालकर उनकी मुसीबत का हल कर सकती है। देश का दिहाड़ी मजदूरी और रोज कमाने वाला गरीब व्यक्ति आगामी 20– 21 दिनों में लॉक डाउन के चलते आर्थिक तंगी से जूझने को मजबूर हो जाएगा। वैसे, सरकार ने आटा–चावल की व्यवस्था करने का ऐलान कर काफी हद तक जनता की मुसीबत कम करने का काम किया है। नेगी ने कहा कि संकट की घड़ी में मोदी सरकार गरीब जनता द्वारा दिए गए प्रचंड बहुमत का कर्ज उतार सकती है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने ढील की अवधि में सोशल डिस्टेंस की व्यवस्था पर उठाए सवाल

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक प्रीतम सिंह ने बजट सत्र के शेष उपवेशन के दौरान व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का लॉकडाउन घोषित है, लेकिन सुबह के वक्त ढील अवधि में सोशल डिस्टेंसिंग नहीं हो पा रही है। हालांकि, सरकार की ओर से संसदीय कार्यमंत्री मदन कौशिक ने कहा कि इस सिलसिले में व्यवस्था की जा रही है। व्यवस्था बनाने में जो भी अच्छे सुझाव आएंगे, सरकार उन पर अमल करेगी।

सत्र की कार्यवाही शुरू होते ही विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान सुबह सात से 10 बजे तक बैंक, कोषागार, फल–सब्जी मंडी और खाद्यान्न की दुकानें खुल रही हैं, लेकिन इस दरम्यान मंडियों व दुकानों में भीड़ उमड़ रही है। खासकर सब्जी मंडियों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो पा रहा है। इस बिंदु पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जवाब में संसदीय कार्यमंत्री कौशिक ने कहा कि ढील अवधि में व्यवस्था बनाई जा रही है। दुकानों में ये व्यवस्था की जा रही कि ग्राहक और दुकानदार के मध्य एक मीटर से अधिक दूरी हो। जनता को भी इसमें सहयोग करना चाहिए। जिससे कोई दिक्कत न हो। नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश ने कहा कि राज्य के विकास और कार्मिकों के वेतन के दृष्टिगत बजट पास करना अनिवार्य था।

# सीएम ने लॉकडाउन को सख्ती से लागू करने के दिए निर्देश

**निर्देश**

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लाकडाउन की स्थिति पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत लगातार नजर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने फोन पर जिलाधिकारियों से स्थिति की जानकारी लेते हुए लाकडाउन को सख्ती से लागू करने के साथ ही आमजन को जीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को भरोसा दिलाया जाए कि किसी आवश्यक वस्तु की कोई कमी नहीं है। आमजन को घर पर रहने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाए।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सीएम आवास में जिलाधिकारी देहरादून आशीष श्रीवास्तव और डीआईजी अरुण मोहन जोशी से देहरादून के बारे में अपडेटेड जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी सतर्कता से नजर रखें और हर जरूरी कदम उठाया जाए।

### हरिद्वार में लाकडाउन का उल्लंघन करने पर तीन दुकानदारों के विरुद्ध मामला दर्ज



लॉकडाउन पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री।

**हरिद्वार।** लॉकडाउन का उल्लंघन करने के मामले में सिडकुल पुलिस ने तीन दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। वह दुकान खोल कर लोगों की भीड़ लगाकर सामान बेच रहे थे। थाना सिडकुल पुलिस के अनुसार थाना सिडकुल क्षेत्र के अलग–अलग क्षेत्रों में परचून तथा कैराना की दुकान चलाने वाले तीन दुकानदारों ने लॉक डाउन का उल्लंघन करते हुए सामान बेचना शुरू कर दिया और दुकानों पर भी लगा ली।

सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों दुकानदारों जिनमें राव मशहूर, कैलाश जोशी और प्रमोद कुमार के विरोध मुकदमा दर्ज किया है। इसके अलावा दो दुकानदारों का मौके पर ही चालान काट कर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया। थाना अध्यक्ष प्रशांत बहुगुणा ने बताया क्षेत्र में अधिकतर बाहरी लोग ज्यादा हैं।

### ऋषिकेश में असहाय और बेसहारा लोगों को उपलब्ध कराया भोजन

**ऋषिकेश।** त्रिवेणी घाट में रहने वाले असहाय और बेसहारा लोगों को ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने लॉकडाउन की अवधि में दोनों समय का भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने गुरुवार की दोपहर यहां करीब 200 बेसहारा लोगों को भोजन और मास्क वितरित किए। इन सभी को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और सावधानी के बारे में बताया गया।

रुड़की में भी पुलिस ने लाकडाउन का उल्लंघन करने पर लोगों को लगाई फटकार। वहीं, रामनगर में भी बुधवार की रात लॉक डॉउन का उल्लंघन करने पर कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# दून अस्पताल में 50 बेड का एक और आइसोलेशन वॉर्ड

**तैयारी**

■ जनरल के साथ ही प्राइवेट वॉर्ड भी सम्मलित रहेंगे

देहरादून। **संवाददाता**

कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल ने में अपनी तैयारियों को विस्तार देना शुरू कर दिया है। इसके तहत अस्पताल में 50 बेड का और एक आइसोलेशन वॉर्ड तैयार किया जा रहा है, जिसमें जनरल के साथ ही प्राइवेट वॉर्ड भी सम्मलित रहेंगे। वहीं, अब हर बेड के बीच विभाजन की भी व्यवस्था की जा रही है।

कोरोना के ज्यादातर मरीज अभी दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में ही भर्ती हैं। न केवल कोरोना संक्रमित लोगों का यहां उपचार किया जा रहा है बल्कि कई संदिग्ध भी भर्ती हैं। इस बीच राज्य सरकार मेडिकल कॉलेज को कोरोना के लिए आरक्षित कर चुकी है। ऐसे में अब व्यवस्थाओं को विस्तार दिया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आशुतोष सयानाने पुरानी बिल्डिंग में विभिन्न कक्ष और वार्डों का निरीक्षण किया। उसके बाद हुई बैठक में तय किया गया कि पुरानी बिल्डिंग में विभिन्न वार्डों को कोरोना आइसोलेशन वार्ड के रूप में बदला जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि कोरोना को देखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने एक बार फिर आमजन से अपील की है कि वह तभी घरों से बाहर निकलें जब बहुत जरूरी हो। अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी डॉक्टरों के मोबाइल नंबर से संपर्क कर वे सामान्य बीमारियों के बारे में परामर्श और उसी मुताबिक दवा ले सकते हैं।

इस दौरान डिप्टी एमएस और कोरोना के कोऑर्डिनेटर डॉ. एनएस खत्री, डिप्टी एमएस डॉ. मनोज शर्मा, श्वास और छाती रोग विभाग के विभागाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### रेलवे स्टेशन, गाड़ियों, ट्रैक के सुरक्षा के निर्देश

वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त मुरादाबाद मंडल ने सभी स्टेशनों पर लॉकडाउन के दौरान सुरक्षा पुख्ता रखने के निर्देश दिए हैं। निर्देशानुसार स्टेशनों पर स्टेबल कोचों की नियमित जांच की जाएगी। किसी भी कोच में लाइट खुली न रहे। वाशिंग लाइन, यार्ड में स्टेबल रैकों की खिड़कियां बंद रखी जाएं। रात में यात्री परिसर, यार्ड आदि में रोशनी की उचित व्यवस्था रहे, जिससे संदिग्ध तत्वों पर नजर रखी जा सके।

### ऑनलाईन बुकिंग के बावजूद गैस न मिलने से उपभोक्ता परेशान

**संवाददाता** देहरादून। ऑनलाईन गैस की बुकिंग होने के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस न मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तीन घंटे की राहत के बाद जब लोग चुग गैस सर्विस पहुंचे तो उन्हें गैस न मिलने पर उन्होंने वहां पर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शीघ्र ही होम डिलीवरी न होने से परिजन भूखे रहेंगे। आज सहारनपुर रोड स्थित चुग गैस सर्विस पहुंचे उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा किया और कहा कि ऑनलाईन गैस बुकिंग एक सप्ताह पूर्व कराये जाने के बाद भी आज तक उनके घरों में गैस की होम डिलीवरी नहीं की गई है जो चिंता का विषय है। दूसरी ओर देश के साथ ही साथ पूरा विश्व कोरोना वायरस से लड़ रहा है ऐसे समय में गैस की तुरंत होम डिलीवरी होनी चाहिए। लोग अनावश्यक रूप से भी बाहर नहीं आयेंगे। इस दौरान काफी देर तक हंगामा होता रहा और बाद में वहां पर तैनात कर्मचारियों ने शीघ्र ही गैस की सप्लाई करने का वायदा किया जिसके बाद सभी शांत हुए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।